हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

हवन पूजन के बाद होगी बप्पा की प्रतिमाएं विसर्जित, नम आंखों से देंगे विदाई

श्रद्धा भक्ति का माहौल, गूंजेगा जयकारा, शिवनाथ नदी तट पर उमड़ेगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेशोत्सव में श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। कल 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी को गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर रात तक चलेगा। इससे पूर्व हवन-पूजन का वातावरण दिनभर बना रहेगा। हालांकि कई भक्तों ने गुरुवार को भी हवन-पूजन किया।

ज्ञात हो कि शहर सहित ग्रामीण इलाकों में श्रीगणेशोत्सव पर घर-घर व पूजा पंडालों में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। कल 25 सितंबर को श्रद्धा-भक्ति से हवन-पूजन की समिति सदस्यों व आम लोगों ने व्यापक तैयारियां की है। भगवान गणेश की आरती अर्पित करने के बाद भक्त गणपति बप्पा को अगले वर्ष पुनः आने का निमंत्रण देते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल होंगे। कई पंडालों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का दौर चलेगा। आज भी कई स्थानों पर भक्त हवन-पूजन करने में जुटे रहे। गणेश विसर्जन को लेकर पूजा सामग्री की मांग भी बढ़ गई है। फूल, नारियल, अगरबत्ती, कपूर, फल, प्रसाद सहित अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदी के लिए बाजारों में भीड़ दिखाई दे रही है। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु अपने साथ पूजा सामग्री लेकर नदी और तालाबों तक पहुंचेंगे। गणेश समितियां अपने-अपने पंडालों से प्रतिमाओं को सुसज्जित वाहनों, ट्रैक्टरों और अन्य माध्यमों से विसर्जन स्थलों तक ले जाएगी। ढोल-नगाड़ों, बाजे-गाजे और जयकारों के बीच निकलने वाली विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

सुबह से रात तक मुहूर्त

पूजा-अर्चना एवं हवन के लिए 25 सितंबर को सुबह 6.11 बजे से रात 11.06 बजे तक का समय बताया गया है। इसके चलते सुबह से ही पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाएगी। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सुबह 6.11 से 10.42 बजे तक तथा अपराह्न 12.13 से 1.43 बजे तक का मुहूर्त बताया गया है। इनमें दोपहर 12.36 बजे का समय श्रेष्ठ मुहूर्त माना गया है। हालांकि शहर में प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम शुभ मुहूर्त के साथ-साथ पूरे दिन और देर रात तक चलता रहेगा।

निगम ने की तैयारी

इधर विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा मोहारा शिवनाथ नदी तट पर विसर्जन कुण्ड को व्यवस्थित किया गया है। वहीं अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। विद्युत व्यवस्था के साथ ही मूर्तियों को विसर्जन स्थल तक ले जाने हल्की व भारी वाहनों की भी व्यवस्था कर तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

उमड़ेगी भक्तों की भीड़

शिवनाथ नदी मोहारा सहित शहर के विभिन्न तालाबों में सुबह से ही प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाएगी। शाम के समय विसर्जन झांकियों के पहुंचने के साथ यहां भीड़ और बढ़ने की संभावना है। गणेशोत्सव के समापन अवसर पर पूरे शहर में दिन-रात बाजे-गाजे, भजनों और गणपति बप्पा के जयकारों की गूंज सुनाई देगी।

आज देर शाम शुरू होगा विसर्जन का दौर, शहरभर की 33 समितियों ने की तैयारी

कंतारा, वनजीव संरक्षण सहित पौराणिक कथाओं पर आधारित झांकियां निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेशोत्सव के समापन के साथ 25 सितंबर को शहर में निकलने वाली भव्य गणेश विसर्जन झांकी को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की करीब 33 गणेश उत्सव समितियां झांकी में शामिल होंगी। समितियां अपने-अपने धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूपों के साथ झांकी को आकर्षक बनाने में जुटी है। इस बार पौराणिक कथाओं पर आधारित झांकी में गणेश भगवान के विभिन्न स्वरूपों के साथ भगवान शिव, श्रीराम, हनुमान, मां भवानी सहित धार्मिक प्रसंगों के अलावा कंतारा, वन्य जीव संरक्षण और छत्तीसगढ़ महतारी जैसे विषय भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि विसर्जन के अवसर पर निकलने वाली चलित झांकियों को लेकर राजनांदगांव देशभर में प्रख्यात है। गणेश समितियों के साथ ही लोगों को भी इस अवसर का सालभर इंतजार रहता है। झांकियों के साथ अलग-अलग समितियों ने डीजे और धुमाल पार्टियों की व्यवस्था की है। राजनांदगांव के अलावा भिलाई, दुर्ग, डोंगरगढ़, मोहला, खैरागढ़ और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े डीजे-धुमाल दल भी यहां अपनी प्रस्तुति देने आ रहे हैं। शहर के अलग-अलग मोहल्लों से निकलने वाली ये झांकियां पहले गुरुनानक चौक, गांधी चौक, जयस्तंभ चौक पहुंचेगी। वहां से मानव मंदिर चौक में ड्रा निकाला जाएगा। इसके बाद सिनेमा लाइन, भारत माता चौक, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग होते हुए तिरंगा चौक पहुंचगी। इसके बाद गंज लाइन से नंदई चौक जाएगी।

बस स्टैंड गणेशोत्सव समिति : काल भैरव
नवरत्न गणेशोत्सव समिति: खाण्डव वन
अष्ट विनायक गणेशोत्सव समिति : कंतारा
आजाद गणेशोत्सव समिति : रामायण
बाल समाज गंज लाइन : होली
गंज गणेश समिति : कल्कि अवतार
अनुपम नगर विघ्नहर्ता समिति : श्री हनुमान
महावीर मंडल समिति : तारकासुर वध
तिरंगा मंडल : श्रीकृष्ण लीला
उमंग गणेशोत्सव समिति : वन्य जीव संरक्षण
त्रिशंख मंडल : तारकासुर वध
सुमति मंडल : भगवान जगन्नाथ
चिखली जय श्री केदारनाथ समिति: राम सेतु
बजरंग उत्सव मंडल : घटोत्कक्ष
युवा मित्र मंडल मोतीपुर : हनुमान-गरूण का चित्रण
कबाली ग्रुप नया बस स्टैंड : भोलेनाथ पर आधारित
युवा एकता समिति ममता नगर : खाटू श्याम
नवीन आदर्श मंडल गोल बाजार : शरभ अवतार
बाल समाज मित्र मंडल लखोली नाका : माता सती
बसंतपुर दुर्गा गणेश उत्सव समिति गणेशः कार्तिक भ्रमण
मां शीतला गणेश उत्सव समिति : श्रीकृष्ण रासलीला
नवयुवक सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति भगवान शंकर की रासलीला
रामनगर-कैलाश नगर झांकी समिति: नरसिंह अवतार
जय भवानी गणेशोत्सव समिति : भगवान हनुमान
चिखली श्रीराम मंडल इंद्रदेव :रावण युद्ध
शिवम काली गणेश उत्सव समिति : भगवान जगन्नाथ
दिग्विजय युवा क्लब : ॠषि मार्कण्डेय
हाट बाजार गणेशोत्सव समिति : बजरंग बली
स्टेशन पारा उमंग गणेश उत्सव समिति : छत्तीसगढ़ महतारी, लालबाग कलयुग गणेश झांकी युवा संघ : श्रीराम भगवान, श्रीराम मंडल ढाबा : श्रीगणेश की सवारी चूहे का नगर भ्रमण, सिद्धि विनायक ओसवाल लाइन समिति द्वारा महाकाल भगवान पर आधारित झांकी बनाई गई है।

हल्के एवं भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में गणेश विसर्जन झांकी 25 एवं 26 सितंबर को गणेश प्रतिमाओं का मोहारा कुण्ड में विसर्जन किया जाना है। इस दौरान शहर में श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की बड़ी संख्या में आवाजाही को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस द्वारा 25 सितंबर को दोपहर 2 बजे से 26 सितंबर को सुबह 10 बजे तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। विसर्जन झांकी के दौरान यातायात दबाव को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था की गई है।

जिसके तहत फरहद चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, मोहारा बायपास, गठुला एवं सीआईटी बायपास से राजनांदगांव शहर की ओर आने वाले सभी हल्के एवं भारी चारपहिया वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बीजेपी कार्यालय एवं 18 एकड़ से वाहनों का डायवर्सन किया जाएगा। राजनांदगांव शहर से होकर खैरागढ़ की ओर जाने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। बालोद की ओर से आने वाले वाहनों का डायवर्सन हल्दी मोड़ से किया जाएगा।

गणेश विसर्जन झांकी का मार्ग

गणेश विसर्जन झांकियां मानव मंदिर चौक में महावीर चौक, गुरुद्वारा चौक एवं दुर्गा चौक तीनों ओर से प्रवेश कर आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक होते हुए गंज चौक की ओर जाएगी तथा शहर से बाहर निकलेंगी।

विसर्जन मार्ग में वाहन प्रतिबंधित

झांकी निकलने वाले उक्त मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि झांकी मार्ग पर अपने वाहनों का प्रवेश न कराएं तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्ग एवं पार्किंग स्थलों का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

पार्किंग स्थल निर्धारित

डोंगरगांव एवं बालोद की ओर से आने वाले दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल साइंस कॉलेज, गुजराती स्कूल एवं बख्शी स्कूल निर्धारित किए गए हैं। तुमड़ीबोड़ एवं सुकुलदैहान की ओर से आने वाले दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल प्यारेलाल स्कूल निर्धारित किया गया है। खैरागढ़ एवं दुर्ग की ओर से आने वाले दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल स्टेट स्कूल एवं फ्लाई ओवर के नीचे निर्धारित किया गया है।

खबर संक्षेप

चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

राजनांदगांव। धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को चाकू के साथ पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 सितंबर की रात्रि चिखली प्रेस के पास आने-जाने वाले लोगों को चाकू लहराकर डराने-धमकाने, लोगों में भय उत्पन्न कर रहे आरोपी गणेश यादव उर्फ गोलू 26 साल साकिन शांतिनगर को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

माय एंगल

छात्र से मारपीट मामले में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पैरीटोला गांव में कक्षा सातवीं के शिक्षक द्वारा कथित मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया। मामले के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं थाना परिसर पहुंची। ग्रामीण करीब दो घंटे तक थाना परिसर के पास बैठे रहे और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की मांग की।

प्राप्त आवेदन के अनुसार छात्र से मारपीट के आरोप को लेकर पूर्व में शिकायत की गई थी। बाद में ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से मामला शांत होने की बात सामने आई। इसके बावजूद मामले में अपराध दर्ज किए जाने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस से शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया।

निष्पक्ष जांच का आश्वासन

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शिक्षक और ग्रामीणों के बीच आपसी संबंधों को देखते हुए मामले को बातचीत से समाप्त किया जाना चाहिए। बड़ी संख्या में महिलाओं की भी इस दौरान मौजूदगी रही। मामले को लेकर एसडीओपी केशरीनंदन नायक ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच तथ्यों के आधार पर की जाएगी और जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी। फिलहाल मामला पुलिस जांच में है और जांच के निष्कर्ष के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

अवैध रूप से गांजा बिक्री, आरोपी गिरफ्तार, 1800 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

घर के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकडा। जिसके पास से 1800 ग्राम गांजा बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 सितंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि राजेश चन्द्राकर उर्फ पुच्ची अपने घर के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री कर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटनास्थल आरोपी के घर का बरामदा कनक नगर में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी राजेश चन्द्राकर उर्फ पुच्ची को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते थाना छुईखदान में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी राजेश चन्द्राकर उर्फ पुच्ची को 24 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया।

नगदी भी किया जब्त

पुलिस के अनुसार आरोपी राजेश चन्द्राकर उर्फ पुच्ची 55 साल साकिन कनक नगर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 1.800 किलो ग्राम कीमती 20,000 रुपए अवैध गांजा व बिक्री नगदी रकम 1200 रुपए कुल जुमला 21200 रुपए को जब्त किया गया।

खबर संक्षेप

संबलपुर में सघन स्वच्छता अभियान

सड़क अतरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत संबलपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव के अमृत सरोवर, शासकीय भवन, गली, मोहल्ला में सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान में सरपंच लक्ष्मीदेवी जंघेल, हरदा चंदेल, सचिव तुकाराम पटेल, सनत चंदेल, महेश जंघेल, कांतिबाई धुर्वे, रजवंतीन, खेमिनबाई जंघेल, रैमुन बाई जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

औषधि और काढ़े का वितरण

साल्हेवारा। ग्राम के आयुर्वेद औषधालय में जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुशीला बंजारे के निर्देशन एवं डॉ. रणजीत सिंह देशमुख के नेतृत्व में 11वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धनवंतरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद के महत्व तथा दैनिक जीवन में होने वाले लाभों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। फार्मासिस्ट हरभजन सिंह पैकरा ने औषधियों एवं काढ़े का वितरण किया गया। कार्यक्रम में निजाम सिंह मंडावी, दशरथ पटेल, रामश्याम पटेल, मोहन श्रीवास, रामप्रसाद जायसवाल, डिकेस मेरावी, दिलीप पटेल, रामखिलावन अग्रवाल, कुशलदास मानिकपुरी, संतु सोनवानी, गौकरण सोनवानी, बलराम, किशन सहित अन्य उपस्थित रहे।

निधन

विजय वर्मा

तुमड़ीबोड़। ग्राम पंचायत बोदेला के पूर्व उपसरपंच और कांग्रेस कार्यकर्ता विजय वर्मा का 58 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। रायपुर के निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। ग्राम के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। विधायक दलेश्वर साहू ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। अंतिम संस्कार के दौरान महेन्द्र यादव, कमलेश्वर वर्मा, टीकम पटेल, जितेन्द्र सिन्हा, अमरनाथ साहू, मोहित पटेल, सुरेंद्र लिल्हारे, इन्द्रसेन साहू, हेमसिंग साहू आदि मौजूद थे।

नगर पालिका परिषद की लापरवाही आई सामने

सालों से दुकानों का अनुबंध लंबित नगर पालिका को हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में अनेक दुकानें बिना अनुबंध एवं नवीनीकरण के सालों से चल रही है जिससे पालिका को राजस्व का नुकसान हो रहा है। महावीर पारा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनी दुकानों का अनुबंध और नवीनीकरण की प्रक्रिया लंबित है।

महावीर पारा स्थित कई दुकानें 2019 से संचालित हैं, लेकिन इनका किरायानामा अब तक रजिस्टर में दर्ज नहीं है। बताया जाता है कि तत्कालीन सीएमओ प्रमोद शुक्ला के कार्यकाल में अनुबंध की अनुमति ली गई थी किन्तु उनके जाने के बाद पदस्थ सीएमओ ने दुकानों के अनुबंध की प्रक्रिया पूरी नहीं की।

इसी प्रकार शहर की सैकड़ों दुकानों का नवीनीकरण लंबित होने की जानकारी सामने आई है। नवीनीकरण के साथ किराये में नियमानुसार वृद्धि होने पर पालिका के राजस्व में इजाफा हो सकता है। वहीं समय पर किराया वसूली और अनुबंध प्रक्रिया पूरी होने से निकाय की आय को नियमित किया जा सकता है। सालों से अटका आबंटन सतबहनी मार्ग स्थित 68 दुकानों का 2013 से आबंटन नहीं हो सका है। आबंटन नहीं होने से निकाय को किराये के रूप में करीब 4 लाख 8 हजार तथा अमानत राशि 3 लाख 59 हजार की संभावित आय से वंचित होना पड़ा है।

करबला चौक स्थित आठ दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है तो स्टेशन रोड की पांच दुकानों का आबंटन लंबित है, जिससे निकाय को सालाना करीब 2 लाख 35 हजार का नुकसान हो रहा है। बस स्टैंड में निर्मित दुकानों की अनुबंध अवधि समाप्त हो चुकी है जिसके नवीनीकरण से किराया वृद्धि के साथ मुद्रांक शुल्क के रूप में पालिका को आय प्राप्त हो सकती है।

सैंकड़ों दुकानों का आवंटन भी लटका

किराया से बढ़ सकता है राजस्व

पालिका की दुकानों का किराया वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार निर्धारित करने, तीन या पांच वर्ष में नियमानुसार 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि करने से पालिका की आय में वृद्धि हो सकती है।

प्रक्रिया पूरी कर बढ़ाएंगे आय

नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि दुकानों के आवंटन की सभी प्रक्रियाएं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत लागू की जाएंगी। किराया वसूली व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, ताकि पालिका की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि दुकानों को अन्य व्यक्तियों को बेचने या हस्तांतरित करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शेष दुकानों के अनुबंध एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन की शह पर मुरूम का बेजा खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकेश साहू ने खनिज संपदा के अवैध दोहन पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सत्ताधारी दल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन इस अवैध कारोबार की अनदेखी कर रहा है।

श्री साहू ने बताया कि माहुल झोपड़ी, मारगांव, गिरगांव, बीजाभांठा सहित अन्य गांव से मुरूम का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है।

दिन-रात चल रहे इस अवैध खेल से न सिर्फ राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण और ग्रामीण सड़कों की हालत भी खस्ता हो रही है।

मिलीभगत का आरोप

कांग्रेस नेता साहू ने राजस्व और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतें होने के बाद भी दोनों विभाग कार्रवाई करने से बच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बेजा धंधे के पीछे भाजपा के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का हाथ है जिसके कारण अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि खनिज संपदा की लूट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज और राजस्व विभाग ने अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस आंदोलन करने बाध्य होगी।

सड़क हादसे में एक गंभीर

घुमका। चारभाठा मार्ग पर मवेशी से टकराकर मासुल निवासी भवानी कौसर नामक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही माँ बम्लेश्वरी आश्रय एक संस्था के अध्यक्ष डेविड बारले और आयुष्मान सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 की मदद से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर कर दिया गया।

रानी मोहल्ला में गणेश पर्व पर विविध आयोजनों का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

बाल गणेश उत्सव समिति रानी मोहल्ला ठाकुरटोला द्वारा गणेश पर्व के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समिति के सदस्य देव सलामे और मनराखन साहू ने बताया कि प्रतिदिन शाम 5 बजे गणेश पंडाल के सामने रस्सी कूद, रंगोली, चित्रकला, पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और विजेताओं का सम्मान किया जाता है। प्रतियोगिता में सदस्य बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। बाल गणेश उत्सव समिति रानी मोहल्ला ने बप्पा की भव्य मूर्ति विराजमान की है जिसमें एक साथ तीन भगवानों का रूप दिखाई दे रहा है। समिति के देव सलामे, मनराखन साहू, अजय सलामे, अक्षय सलामे, लोकेश धुर्वे, मनीष कोरेटी, युगल किशोर, देवानंदा लाटिया, नुशान धुर्वे, अभय सलामे, हिमेश धुर्वे, इंद्रजीत सलामे, महेश साहू, सुनील आदि आयोजन में लगातार सहयोग दे रहे

रासेयो से निखरता है छात्रों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

स्थानीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं पुराने स्वयंसेवकों को बी प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

शुभारंभ के बाद प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने व्यक्तित्व निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी भारतेन्दु वर्मा ने इतिहास, उद्देश्य, महत्व, प्रेरणा पुरुष, ध्येय वाक्य, अभिवादन, लक्ष्य गीत, नियमित गतिविधियों आदि की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र साहू, डॉ. ओमप्रकाश रत्नाकर ने भी अपने विचार रखे। संचालन विनोद वर्मा और अंत में डॉ. रत्नाकर ने आभार व्यक्त किया।

प्रमाण पत्र का वितरण

इस मौके पर राधिका साहू, लिकेश्वरी वर्मा, भारती पटेल, संजय साहू, ऐश्वर्या खिलाड़ी, धनेश्वर साहू, डोमेश्वरी साहू, सुनीता साहू, दीक्षा खिलाड़ी, मधु साहू, विक्रम देशलहरे, हेमलता वर्मा नागेश्वर साहू, मोरध्वज साहू को बी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

गुल्लक व पहाड़ा का वितरण

कल्लूबंजारी। पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक दिनेश कुरेटी ने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक शाला के 85 बच्चों को गुल्लक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के 124 बच्चों को राष्ट्रीय पहाड़ा प्रदान किया। इस मौके पर प्रधानपाठक युएस मंडावी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि श्री कुरेटी उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक है जो बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के उनके सर्वांगीण विकास के लिए नवाचार करते रहते हैं। इस अवसर पर अनिल पाल, उमादेवी ध्रुर्वे, शोभराय कार्ते, तिलकराम बढ़ई, अखिलेश्वर ठाकुर, सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे, चुम्मन भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, चन्द्रकुमार उइके, रोमन साहू, जितेन्द्र पटेल, गजेन्द्र ठाकुर, चांदनी कंवर, डेमेन्द्र सिन्हा, ट्विंकल ध्रुर्वे, लिलेन्द्र भारद्वाज, गिरिश साहू, नम्रता मंडावी, रूपाली साहू, डिम्पल पटेल, लिलेश्वर पटेल, गितेश साहू, पूजा ध्रुर्वे, रूपाली सिन्हा आदि मौजूद थे।

अर्जुनी का दर्जा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

- नगर पंचायत बनने से विकास को मिलेगी गति

जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल भाजपा कोषाध्यक्ष विजय जैन ने ग्राम को नगर पंचायत बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अर्जुनी केवल एक गांव नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों का प्रमुख व्यापारिक और सामाजिक केंद्र है, इसलिए अब इसका शहरी निकाय के रूप में उन्नयन बेहद जरूरी है।

भाजपा नेताओं ने बताया कि भौगोलिक और आर्थिक रूप से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। आसपास के कई गांवों के ग्रामीण रोजमर्रा के सामान, कृषि उपज की खरीद-बिक्री और अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए ग्राम पर निर्भर हैं। यहां कस्बे जैसी सुविधाएं हैं। ग्राम में बैंकिंग व्यवस्था, कालेज, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और बाजार मौजूद है। जनसांख्यिकी और सुविधाओं के लिहाज से यह ग्राम पंचायत अब नगर पंचायत बनने के सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा करता है।

थमा व्यवस्थित विकास

उन्होंने बताया कि अपेक्षित प्रयास नहीं होने के कारण व्यवस्थित विकास नहीं हो पा रहा है। पंचायत के सीमित संसाधनों और फंड के कारण बढ़ती आबादी और बढ़ते शहरीकरण की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। सड़कों का चौड़ीकरण, जल निकासी, कचरा प्रबंधन और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का दर्जा मिलने से विकास की गति बढ़ जाएगी। शहरी निकाय बनने से बड़ा फंड उपलब्ध होगा, जिससे सुनियोजित मास्टर प्लान के तहत व्यवस्थित बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जल्द से जल्द अर्जुनी को नगर पंचायत घोषित करने की अपील की है।

महावीर तालाब में स्वच्छता अभियान

डोंगरगढ़। श्री गणपति विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद और आईटीबीपी ने स्थानीय महावीर तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया। अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने तालाब के चारों ओर सफाई कर जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया है। इस अवसर एसडीएम अक्षय दोषी, आइटीबीपी के डिप्टी कमांडेट मुकेश भास्कर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, सीएमओ राजेश तिवारी, शहर भाजपा अध्यक्ष सौमित्र सोनी, महामंत्री विनय बंसल, अमित बोस, देवेंद्र साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, जितेंद्र हिरवानी, अनिल लांजेवार, रामकुमार डड़सेना, पालिका के विनोद वर्मा, नितिन बक्शी, अमर करसे, विजय कोटंगले, राकेश भवते आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महान पुनरुद्धारक अनागारिक धम्मपाल की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन सावित्रीबाई फुले भवन बालाघाट में किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु, श्रामणेर, उपासक-उपासिकाएं के अलावा महिला सशक्तिकरण संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते डॉ. चंद्रकीर्ति, प्रज्ञा बौद्ध, सरोज राजवर्धन, गणवीर वानखेड़े, राजाबाई वाघमारे, पदमा मेश्राम, नलिनी मेश्राम, प्रिया सहारे, बुद्धिमित्रा वासनिक आदि शामिल हुए।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अनागारिक धम्मपाल अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिनका सम्मान किया गया उसमें नलिनी मेश्राम, बुद्धिमित्रा वासनिक, नीता रामटेके, प्रीतिमा गेड़ाम, वंदना भागे, भारती टेभरेकार आदि शामिल थी। कार्यक्रम में प्रज्ञा बौद्ध, पदमा मेश्राम, सीमा सहारे, जाई शेंडे, प्रभा चंद्रिकापुरे, नीता रामटेके, चंद्रशीला बामेश्वर, रत्ना मेश्राम, संगीता बोरकर, ज्योत्स्ना मेश्राम, शशि माहेश्वरी, पुष्पलता भोईर, उषा भौत मांगे, मीना श्रीरंगे, निर्मला वासनिक, राजेश्वरी मेश्राम, शोभा मेश्राम आदि शामिल हुई।

डीईओ ने स्कूलों का लिया जायजा

बोर्ड की तर्ज पर होगी तिमाही परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण में आए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में नया कदम उठाया गया है। जिले के सभी शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को तिमाही परीक्षा को बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आयोजित करने कहा गया है।

डीईओ उपेंद्र देवांगन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में पारदर्शिता और गंभीरता बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि छात्र बोर्ड परीक्षाओं के माहौल के अभ्यस्त हो सकें और उनकी वास्तविक तैयारी का आंकलन किया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार तिमाही परीक्षा ही वह पैमाना होती हैं जो यह तय करती हैं कि किसी विद्यालय में बच्चों को किस स्तर की पढ़ाई करवाई जा रही है। इसी के आधार पर आगामी बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है जिसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा के संचालन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आधे घंटे में देनी होगी रिपोर्ट

नए निर्देशों के तहत जिले के सभी बीईओ और प्राचार्यों को हिदायत दी गई है कि परीक्षा शुरू होने के ठीक आधे घंटे के भीतर गूगल शीट के माध्यम से अनिवार्य रूप से रिपोर्ट भेजें। गूगल शीट में शाला का नाम, विकासखंड,कक्षावार दर्ज संख्या, कुल उपस्थित और अनुपस्थित छात्रों की संख्या, अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के नाम भेजना अनिवार्य है जिसके लिए एक पृथक गूगल शीट लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

खबर संक्षेप

सोमनी का महाराजा...

सोमनी। सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा नयनाभिराम गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। गुरूवार को प्रतिमा स्थल पर हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कल शुक्रवार को प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया जाएगा। गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने गणमान्य नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 को

खड़गांव। ग्राम के अटल चौक में आगामी 27 सितंबर को रात्रि 9 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। नवयुवक गणेश उत्सव समिति के सदस्य तिलक साहू ने बताया कि रंग छत्तीसगढ़ सुरगी की प्रस्तुति होगी। आयोजकों ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

मंडल और बूथ स्तर पर आज मनेगी जयंती

राजनांदगांव। भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्तंभ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों एवं बूथ एवं शक्ति केन्द्र स्तर पर श्रद्धा, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला महामंत्री सौरभ कोठारी तथा डीकेश साहू ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का आयोजन प्रत्येक बूथ तक पहुंचाते हुए जयंति का आयोजन गरिमापूर्ण एवं प्रभावी रूप से किया जाए।

नर्मदेश्वर शिव मंदिर दीपों की रौशनी से जगमगाया

राजनांदगांव। प्रथम पूज्य गणेश के उत्सवी आयोजन के बीच 23 सितंबर गणेशोत्सव के 10वें दिन न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में भक्तों ने सैकड़ों दीप प्रज्जवलित कर भगवान श्रीगणेश की वंदना किया। भजन गायक योगेश अग्रवाल द्वारा स्वरबद्ध आरती की गई। मंदिर समिति के संरक्षक व नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित वार्ड पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष देवेंद्र चौबे ने संयुक्त रूप से आरती कर सभी के मंगल की कामना की। दीपोत्सव के अंत में भक्तों को बूंदी और केला प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।

कमला कॉलेज में पूरक प्रायोगिक परीक्षा 29 को

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्ध राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के समस्त महाविद्यालय के छात्र जो सत्र 2025-26 में बीए भाग तीन के भूगोल/पर्यावरण अध्ययन की प्रायोगिक पूरक परीक्षा आगामी 29 सितंबर को सुबह 10 बजे से भूगोल एवं संस्कृत विभाग में आयोजित की गई है। उक्त जानकारी कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. निवेदिता ए.लाल ने दी।

दिग्विजय कॉलेज में पौधरोपण

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के अर्थशास्त्र विभाग में 24 सितंबर को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें बेल, एलोवेरा, गुडहल, गुलाब, नींबू आदि पौधे शामिल हैं। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मीना प्रसाद, डॉ. खेमारानी दुबे, डॉ. दिनेश प्रसाद, डॉ. रेखा एवं एमए के छात्र-छात्राएं प्रियदर्शनी धुर्वे, निशा सांग, यामिनी, हर्षवर्धन, प्रणिता, एश्वर्या, युक्ता, केसर, श्रद्धा, नेहा, गणेश्वरी, रवि, लोकेन्द्र, मुकुंद, हेमलाल, वरुण आदि उपस्थित थे।

आक्रोशित ग्रामीणों ने फरहद चौक में शव रखकर किया प्रदर्शन

नाली निर्माण के लिए खोदे गड्ढे में गिरने से मौत, चक्काजाम

नाली निर्माण कार्य में लापरवाही का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के फरहद चौक के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से किए जा रहे नाली निर्माण कार्य में लापरवाही के चलते बुधवार की रात ग्राम फरहद निवासी 57 वर्षीय माखनलाल हिरवानी की मौत हो गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने फरहद चौक में मृतक का शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 9 मृतक माखनलाल हिरवानी घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकले थे। दो-ढाई घंटे बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रात 3 बजे तक आसपास तलाश किया गया, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद सुबह लोगों ने समीप ही नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में औंधेमुंह शव देखा और परिजनों को सूचना दी गई।

परिजनों द्वारा मृतक के शव को बाहर निकाला गया। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। दोपहर लगभग 12 शव लेकर परिजन फरहद चौक पहुंचे, तभी नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के चलते हुई मौत के बाद क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश बढ़ गया और वाहन में ही शव को रखकर मृतक के परिजन और अन्य ग्रामीणों ने फरहद चौक पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और चक्काजाम समाप्त करने ग्रामीणों को समझाइश दी गई, लेकिन मुआवजा सहित लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई और प्रशासनिक अधिकारियों को बुलाने की मांग को लेकर ग्रामीण बरसते पानी में भी चक्काजाम में डटे रहे।

डेढ़ घंटे डोंगरगांव रोड रहा बाधित

ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई, मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने, तत्काल गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ करने, स्पीड ब्रेकर बनाने और हाई मास्क लगाने की मांग को लगभग डेढ़ घंटे तक हुए इस चक्काजाम से राजनांदगांव -डोंगरगांव मार्ग बाधित हो गया और कई वाहन जाम में फंसे रहे। फरहद चौक पर चक्काजाम होने से यात्री बसों को तुमड़ीबोड़ के रास्ते रवाना किया गया।

ठेकेदार ने की लापरवाही

नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कंक्रीट की ढलाई होने के बाद नाली के अगल-बगल गड्ढे को बंद नहीं किया गया है। गहरा गड्ढा होने के चलते इसमें बारिश का पानी भरा हुआ है। यहां पर किसी भी प्रकार का संकेतक, बैरिकेडिंग नहीं है। सड़क किनारे खोदे गए इस गड्ढे में दो पहिया व चार पहिया वाहन सवारों के गिरने का खतरा भी बना हुआ है। जबकि ठेकेदार को नाली ढलाई का कार्य पूर्ण होते ही गड्ढे को बंद किया जाना था, लेकिन यहां ठेकेदार द्वारा लापरवाही की गई।

ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

इस मामले में मौके पर पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि शहर में जगह-जगह गड्ढे हैं, जिसे पाटने का काम प्रशासन नहीं कर पा रहा है और ठेकेदारों की लापरवाही से लोगों की जान जा रही है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई करने मांग की है।

व्यवस्था दुरस्त करने निर्देश

ग्रामीणों की मांग को लेकर लिखित आश्वासन दिया गया है। नाली निर्माण में व्यवस्था दुरस्त करने पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया है।

- **प्यारेलाल नाग,** तहसीलदार

जिला कांग्रेस ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में जिले की जनसमस्याओं, स्मार्ट मीटर के संबंध में फार्म भरवाने की प्रगति, संगठन को मजबूत करने तथा जिला कांग्रेस कमेटी की आगामी कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, श्री किशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कमलजीत पिंटू, पंकज बांधव, क्रांति बंजारे आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी ने किया।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कलेक्टर को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में सम्मिलित जनहित के प्रमुख विषयों पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने विस्तृत रूप से अपने विचार रखते हुए उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों को इन विषयों से अवगत कराया।

बैठक एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठारी, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी व अशोक फडनवीस, थानेश्वर पाटीला, रूपेश दुबे, राहुल तिवारी,शिशुपाल भारती, दुर्गेश द्विवेदी, चुम्मन साहू (अछोली), रवि साहू, चुम्मन साहू, चंद्रेश वर्मा, जितेंद्र सिंह भाटिया, अमित सहित अन्य उपस्थित रहे।

अस्थाई रूप में तैयार होगा भवन

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी भवन को बैठक एवं आगामी कार्यक्रमों के लिए अस्थायी रूप से निर्मित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका एवं पहल करने के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया की सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने प्रशंसा की तथा उनके कार्यों की सराहना की। बैठक के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन जिला कार्यालय से कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले की जर्जर सड़कों का स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण सुधार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर गौवंश की सुरक्षा, स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं, आबादी भूमि का पारदर्शी सर्वे एवं संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों में वोल्टेज समस्या व अघोषित विद्युत कटौती बंद करने, जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों का भौतिक सत्यापन कर गांवो में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति तथा प्रत्येक किसान की सम्मानपुर्वक धान खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की गई।

म्यूल बैंक खाता, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला म्यूल अकाउंट प्रोवाइडर आरोपी को दुर्ग जिले से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार साइबर सेल राजनांदगांव द्वारा पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी एवं भारत सरकार गृह मंत्रालय के अधीन संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से प्राप्त साइबर अपराध संबंधी जानकारी का विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान आई एक बैंक खाता का उपयोग साइबर अपराध से प्राप्त धनराशि के लेन-देन एवं हस्तांतरण के लिए किए जाने की जानकारी सामने आई। उक्त खाते में साइबर ठगी के माध्यम से प्राप्त 5,88,404 रुपए की राशि आना पाया गया। साथ ही बैंक खाते की जांच में लगभग 75,02,500 रुपए के कुल लेन-देन होना पाया गया।

पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार बैंक के समन्वय पोर्टल पर जांच करने पर उक्त बैंक खाते के संबंध में 19 अलग-अलग राज्यों से साइबर अपराध संबंधी शिकायतें दर्ज होना पाया गया। जांच में उक्त बैंक खाता "जय अंबे फर्नीचर मार्ट" के नाम से संचालित होना तथा उसके स्वामी दीपक पाल द्वारा साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन में बैंक खाते का उपयोग किया जाना पाया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान यह भी सामने आया कि साइबर अपराध से प्राप्त धनराशि को प्राप्त करने एवं उसके लेन-देन में उक्त बैंक खाते का उपयोग किया गया। मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दीपक पाल को दुर्ग जिले से गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में थाना बसंतपुर में धारा 317(2), 317(4), 317(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

सरकारी जमीन से कब्जा हटाया, महिला सरपंच की पहल पर मिला खेल मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महिला सरंपच की सजगता से बच्चों को सालों बाद आखिरकार खेल मैदान वापस मिला। जानकारी अनुसार ब्लाक के अछोली पंचायत में शासकीय और पूर्व माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों के खेल मैदान में गॉव के ही तीन चार लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कच्चा मकान दुकान बनाया जा रहा था जिसके चलते बच्चों को छोटे से परिसर में खेल कूद करना पड़ा था। शाला प्रबंधन समिति और शाला स्टाफ के लगातार अनुरोध के बाद भी अतिक्रमणकारी बुलंद हौसलों के साथ निर्माण करा रहे थे।

मामले की जानकारी सरपंच नीता कपिल वर्मा और पंचायत प्रतिनिधियों तक पहुंची तो उक्त खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर नोटिस जारी किया गया। एक, दो और तीन नोटिस जारी करने के बाद भी जब अतिक्रमण बदस्तूर जारी रहा तो सरपंच ने तहसील आफिस में बकायदा सारे दस्तावेजों के साथ आवेदन किया। मौका निरीक्षण और राजस्व रिकार्ड में पुष्टि हुई कि उक्त जमीन सरकारी है और उसे शामिलात चारागान के रूप में गॉव के बुजुर्गों ने सालों पहले दान दिया था। डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदार देवेश साहू ने प्रकरण की गंभीरता को समझा और तय किया कि सरकारी जमीन में अतिक्रमण नियमों का उल्लंघन के अलावा बच्चों को खेल कूद से वंचित करना होगा।

जेसीबी से किया जमीदोज

डिप्टी कलेक्टर व तहसीलदार देवेश साहू ने सप्ताह भर पहले जाकर मौका निरीक्षण किया और पटवारी आरआई की मौजूदगी में राजस्व रिकार्ड का मिलान करने के बाद पंचायत के तीन नोटिस के बाद भी सप्ताह भर का समय देते हुए अंतिम नोटिस जारी किया जिसमे स्पष्ट तौर पर सात दिवस के भीतर अतिक्रमण नही हटाने पर कारवाई की चेतावनी दी गई थी। उसके बाद भी अतिक्रमण नही हटाने पर राजस्व और पुलिस अमला बुधवार को अछोली पहुँचा और ताबड़तोड कारवाई करते हुए महज दो घंटो में सारे निर्माण को जेसीबी से जमींदोज कर दिया हालांकि उस समय अतिक्रमणकारियों द्वारा अमर्यादित होकर अतिक्रमण हटाओ दस्ते को उकसाने का प्रयास किया गया, ताकि वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो और जेसीबी रूक जाए, लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित पुलिस ने भी संजीदगी का परिचय दिया जिसके चलते सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त हो गया। पता चला कि उक्त जमीन पर गॉव के ही कुछ गौटिया परिवारों द्वारा कब्जा किया गया था, लेकिन महिला सरपंच की सजगता और बच्चों को खेल मैदान किसी भी हालत मे उपलब्ध कराने के संकल्प के चलते सरकारी जमीन अतिक्रमणकारियों के चंगुल से निकल पाई।

उदाहरण पेश किया

महिला सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों की सजगता के चलते सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। महिला होने के बावजूद सरपंच ने अन्य महिला जनप्रतिनिधियों के लिए उदाहरण पेश किया है।

- **देवेश साहू,** डिप्टी कलेक्टर व तहसीलदार

अतिक्रमणमुक्त कराया गया

सरकारी रिकार्ड में जमीन शामिलात चारागान के रूप में दर्ज है। मना करने के बाद भी दो तीन संपन्न परिवारों द्वारा कब्जा किया जा रहा था। प्रशासन और पुलिस के सहयोग से जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

- **नीता कपिल वर्मा,** सरपंच अछोली

दो टन जड़ी बूटियों की होगी आहुति

108 कुंडीय महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

21 दिसंबर से शहर के मोतीपुर स्कूल मैदान में 108 कुंडी महायज्ञ के साथ आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा के भव्य आयोजन को लेकर आज भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन अवसर पर राष्ट्रीय संत डॉ. इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती उपस्थित रहे। इस दौरान विधि-विधान से कथा स्थल का भूमिपूजन संपन्न हुआ। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा संतश्री का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा के इस आयोजन में राष्ट्रीय संतश्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ. इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कराएंगे। महायज्ञ और भागवगत कथा स्थल का भूमिपूजन आज उन्होंने अपने कर कमलों से संपन्न कराया। इस दौरान आयोजन के संयोजक महापौर मधुसूदन यादव और आयोजनकर्ता जय महेश सिन्हा, ललिता सिन्हा, सावन वर्मा, मनोहर यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

आयोजन की बड़ी प्रासंगिता

आयोजन को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि 9 दिवसीय यह आयोजन 21 दिसंबर से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने धर्म का पालन और अनुशरण करें, दूसरे धर्म का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की बड़ी प्रासंगिकता है।

आयुर्वेद का यज्ञ, ओजोन परत होगी शुद्ध

108 कुंडी इस महायज्ञ को लेकर संतश्री इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि गृहशांति लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होने जा रहा है। 21 दिसंबर को दिव्य कलश शोभायात्रा आयोजित होगी और 22 दिसंबर से यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में यह विशाल यज्ञ होगा। इस यज्ञ के लिए एक टन गाय का घी मंगाया गया है। वहीं दो टन जड़ी बूटियों की आहुति यज्ञ में होगी। यह यज्ञ आयुर्वेद का यज्ञ है। इस यज्ञ से ओजोन परत शुद्ध होती है और अच्छी बारिश होती है। उन्होंने कहा कि इस यज्ञ में शामिल होने से ही गृहशांति आती है।

संस्कृति और सनातन का शिक्षा आवश्यक

अपनी संस्कृति से बढ़ती दूरियों के मामले को लेकर संतश्री ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट बनाने में जुटे हैं। चाहे बच्चा सनातनी, अच्छा इंसान बने ना बने। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति ने हमारे बीच जहर घोला है और इसका बढ़ावा सभी सरकारों ने किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों के अलावा हिंदी स्कूलों में भी पढ़ना चाहिए। अंग्रेजी के संस्कारों को छोड़कर स्वदेशी सभ्यता अपनाने कानून बनाना चाहिए। वहीं उन्होंने धर्मांतरण के विषय पर कहा कि धर्मांतरण बड़ा अपराध है। धर्मांतरण पर रोक जरूरी है। माता-पिता अपने बच्चों को संस्कृति और सनातन की शिक्षा अवश्य दें।

शादी का प्रलोभन देकर किया कुकर्म

राजनांदगांव। पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया के लिखित आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज की गई कि आरोपी रोशन सोमुनिया से वर्ष 2025 में फेसबुक के माध्यम से बातचीत हुई थी। आरोपी द्वारा फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई, जिसे प्रार्थिया द्वारा स्वीकार कर लिया गया। बातचीत के दौरान आरोपी ने प्रार्थिया से शादी का प्रस्ताव रखा, जिस पर प्रार्थिया ने भी सहमति दी। इसके बाद दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही। आरोपी द्वारा प्रार्थिया को मिलने के लिए डोंगरगढ़ बुलाया गया। 30 नवंबर 2025 को दोनों की मुलाकात हुई तथा रेलवे स्टेशन के पास स्थित लॉज में रूके। आरोपी द्वारा शादी करने का वादा किए जाने के कारण प्रार्थिया की सहमति से दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को दोनों होटल में रूके तथा 1 दिसंबर की शाम दूसरे होटल चले गए। दोनों लगभग 3 दिनों तक साथ रहे। डोंगरगढ़ से वापस जाने के बाद भी दोनों के बीच बातचीत होती रही। आरोपी द्वारा प्रार्थिया के परिवार के सदस्यों से भी बातचीत की गई तथा शादी के लिए अपने परिवार को लेकर आने का भरोसा दिलाया गया। इसके बाद 20 अप्रैल 2026 को आरोपी द्वारा फोन कर शादी करने से इंकार कर दिया गया तथा प्रार्थिया से कहा गया कि वह अपने परिवार की पसंद से शादी कर ले। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रोशन सोमुनिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान के लिए अनुराग सिंह का चयन

खैरागढ़। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण तहत जिले से उत्कृष्ट प्राचार्य के रूप मे पीएमश्री डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य अनुराग सिंह का चयन हुआ है। संभागीय संयुक्त सचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण तहत को लेकर जारी प्रक्रिया मे जिले के उत्कृष्ट प्राचार्य के रूप मे प्राचार्य अनुराग सिंह के चयन होने पर संस्था स्टाफ साथ प्राचार्य एसोसियेशन के प्रांतीय अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी और संकुल समंवयक रूपेन्द्र मानिकपुरी, प्रयाग सिंह ने बधाई दी है। वही शाला विकास समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार सहित सभी सदस्यों ने बधाई प्रेषित कर कहा इतने कम समय में यह उपलिब्ध हासिल करना संस्था के लिए गौरव का विषय है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं घनश्याम पिता फिरताल उम्र 22 वर्ष जाति गोड निवासी वार्ड नं. 02 नचनिया, पोस्ट- साल्हेवारा, थाना व तहसील- साल्हेवारा, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरा आधार कार्ड क्र. 852850139718 में मेरा नाम धनुसरम दर्ज है जो कि गलत है। मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम घनश्याम दर्ज है जो कि सत्य व सही है। तथा मेरा आधार कार्ड में नाम धनुसरम के स्थान पर समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार वास्तविक व सही नाम **घनश्याम** सुधार किये जाने हेतु उप संचालक शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव (छ.ग.) में मूल शपथ पत्र को सत्यापित किये जाने बाबत् यह आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय जी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता - **घनश्याम**
वार्ड नं. 02 नचनिया, तह. व पो. साल्हेवारा,
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कांतिलाल पिता रामनाथ उम्र 22 वर्ष जाति गोड निवासी वार्ड नं. 02 नचनिया, पोस्ट- साल्हेवारा, थाना व तहसील- साल्हेवारा, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड क्र. 770365617372 में मेरा नाम खंतिलाल दर्ज है जो कि गलत है। मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम कांतीलाल दर्ज है जो कि सत्य व सही है। तथा मेरा आधार कार्ड में नाम खंतिलाल के स्थान पर समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार वास्तविक व सही नाम **कांतीलाल** सुधार किये जाने हेतु उप संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव (छ.ग.) में मूल शपथ पत्र को सत्यापित किये जाने बाबत् यह आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय जी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता - **कांतीलाल**
वार्ड नं. 02 नचनिया, तह. व पो. साल्हेवारा,
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

जन जन के नेता सरल सहज व्यक्तित्व के धनी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक डोंगरगढ़
मान. रामजी भारती जी
को जनमदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
25
HAPPY Birthday TO You...
डेविड फ्लैक्स राज. 9977100456
विनीत - भाजपा शहर / ग्रामीण मडणल विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़

सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों में प्रचार-प्रसार पर जोर

रक्तदान, नेत्रदान और देहदान के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

समिति अध्यक्ष नरेंद्र पैकरा की अध्यक्षता एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक में जिले में रक्तदान, अंगदान एवं देहदान के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाने तथा सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान, नेत्रदान और देहदान जैसे जीवनरक्षक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार जरूरी है। उन्होंने कहा कि निरंतर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों के बीच अंगदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है। इससे अधिक से अधिक युवा रक्तदान एवं अंगदान के लिए आगे आएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने अंगदान की आवश्यकता और इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत में अंगदान की दर प्रति लाख आबादी पर एक से भी कम है। अंगदान से किडनी, लिवर, हृदय एवं कॉर्निया जैसे अंगों का प्रत्यारोपण किया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन इस क्षेत्र की नोडल संस्था है। अंगदान से संबंधित जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन 1800-11-4770 और 14472 उपलब्ध है।

सार्वजनिक स्थलों पर होगा प्रचार

बैठक में जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अंगदान और नेत्रदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। सामाजिक संगठनों के साथ बैठकें आयोजित कर नागरिकों को अंगदान एवं देहदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने का लक्ष्य भी तय किया गया। बैठक में सीएमएचओ डॉ. डीके तुर्रे, उपाध्यक्ष जीवन कौशिक, कोषाध्यक्ष अनिल दानी, डॉ. प्रतिमा जैन साह, डीन प्रतिनिधि डॉ. अहमद, आईएमए अध्यक्ष डॉ. केपी जांगड़े, मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. सुरेश ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. क्षमा चोपड़ा, आस्था समिति अध्यक्ष दौलतराम कश्यप, लोधी समाज अध्यक्ष संतोष कौशिक, सतनामी समाज अध्यक्ष रामप्रसाद मिरी, नई चमक रक्तदान समिति अध्यक्ष हरीश साहू, जिला रेडक्रॉस अधिकारी बालाराम साहू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नगर में विराजमान गणपति बप्पा के दरबार में पहुंचे अर्जुन तिवारी

■ पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

नगर में गणेश उत्सव की धूम के बीच विभिन्न स्थानों पर विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।

इसी क्रम में दिन बुधवार को शाम मे पहुंचे अर्जुन तिवारी नगर में विराजमान गणपति बप्पा के दरबार में पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान अर्जुन तिवारी ने गणपति बप्पा के समक्ष श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की उन्होंने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता हैं उनकी आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा एवं नई प्रेरणा का संचार होता है, गणेश उत्सव को लेकर नगर में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है विभिन्न गणेश पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर रहे हैं। धार्मिक वातावरण और भक्ति गीतों से नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि बनाए रखने तथा क्षेत्र में शांति एवं खुशहाली की कामना की। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया।

खबर संक्षेप

माय भारत यूथ वॉलंटियर्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

पण्डरिया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला में आज ग्राम पंचायत खम्हरिया में जल सेवा एवं स्वच्छता अभियान के तहत हाफ नदी एवं नदी की पचरी की साफ-सफाई की गई। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत कवर्धा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन तथा रोहित रजक एवं रुद्रचरण यादव, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, ब्लॉक पंडरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान माय भारत यूथ वॉलंटियर्स एवं स्थानीय युवाओं ने हाफ नदी के आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर नदी एवं पचरी की सफाई की। युवाओं ने स्वच्छ जलस्रोतों के संरक्षण, नदी की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में नागेश्वर कश्यप, मनोहर निषाद, पप्पू गोस्वामी, महादेव निर्मलकर, प्रकाश पात्रे, प्रकाश निर्मलकर, आशीष निषाद, सूर्य रजक, भागवत निर्मलकर, सुभाष, आकाश निषाद, ओमप्रकाश, रवि संत, योगेश रजक सहित ग्राम पंचायत खम्हरिया के युवाओं तथा पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक परषोत्तम निर्मलकर का विशेष योगदान रहा। युवाओं ने कहा कि स्वच्छ नदी, स्वच्छ गांव और स्वच्छ पर्यावरण के लिए सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से युवाओं द्वारा स्वच्छता एवं जनसेवा के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

बरसात कम होने से धान की फसल पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के कई ग्रामों में इस बार वर्षा पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण धान की फसल में पानी की जरूरत है ऐसे में किसान की चिंता साफ दिखाई दे रहा है।

इस बार फसल में काफी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि जिस तरह फसल को पानी चाहिए उस तरह से इस बार वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल को प्रभावित कर सकता है ट्यूबवेल के सहारे कई खेतों के धान की फसल निर्भर है तो कई खेतों में ट्यूबवेल का साधन नहीं होने के कारण सूखा पड़ा हुआ है ऐसे में किसानों को साफ चिंता दिखाई दे रहा है इस बार क्योंकि पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हुआ है इस कारण धान की फसल प्रभावित हो रहा है, भादो के माह पर गर्मी जैसे धूप एवं लगातार इतना धूप कर रहा है की खेतों में पानी टिक नहीं पा रहा है एक तो पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हुआ है और कई किसान लोग ट्यूबवेल पर आश्रित है वह भी पर्याप्त मात्रा में पानी टीक नहीं पा रहा है और जिन किसानों के पास ट्यूबवेल का साधन नहीं है वह आज चिंता में नजर आ रहे हैं धान की फसल होगा या नहीं किसान लोग धान की फसल में पर्याप्त मात्रा में खर्च किया है खाद कीटनाशक डाला गया है यह भी एक चिंता है।

गुरु खुशवंत मातृ छाया नर्सिंग होम के शुभारंभ में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब मातृ छाया नर्सिंग होम के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम कुण्डा पहुंचे। आयोजक समिति द्वारा आतिशबाजी कर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहब ने इस दौरान कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मातृ छाया नर्सिंग होम के शुभारंभ से कुण्डा सहित आसपास के दर्जनों गांवों को इलाज के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। माताओं और नवजात शिशुओं को अब गांव में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह नर्सिंग होम क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे जिला कार्यकारणी सदस्य रामस्वरूप साहू महामंत्री मनहरण साहू सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा रमन खनूजा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी महामंत्री निलेश गुप्ता पन्ना साहू रामप्रताप चंद्रसेन गणेश सोलंकी साहेब लाल सोनवानी राजेश यादव मीडिया प्रभारी सूरज यादव मोटू वैष्णव सह मिडिया प्रभारी कन्हैया चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंबिका गोलू बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

कुण्डा नगर में गणेश उत्सव की धूम के बीच विभिन्न स्थानों पर विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।

इसी क्रम में दिन बुधवार को शाम मे पहुंचे अंबिका गोलू सोनवानी नगर में विराजमान गणपति बप्पा के दरबार में पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अंबिका गोलू सोनवानी ने गणपति बप्पा के समक्ष श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की उन्होंने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता हैं उनकी आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा एवं नई प्रेरणा का संचार होता है, गणेश उत्सव को लेकर नगर में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, विभिन्न गणेश पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

साक्षरता महापरीक्षा अभियान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भारत सरकार शिक्षा नीति 2020 अनुसार प्रतिवर्ष मार्च एवं सितंबर में साक्षरता परीक्षा महा अभियान का आयोजन किया जाता है अतः इस बार भी 27 सितंबर 2026 दिन रविवार को सुबह 10.00 से शाम 05.00 बजे तक छत्तीसगढ़ के समस्त जिला में इस परीक्षा महाअभियान आयोजित है।

जिसमें जिला कबीरधाम के विकासखंड पंडरिया में कुल 443 असाक्षरों का सर्वेक्षण प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों द्वारा प्रत्येक गांव में घर-घर जाकर किया गया है एवं इन असाक्षरों को ग्राम के ही स्थानीय स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से 06 महीने तक प्रत्येक दिवस 2 घंटे की कक्षा संचालन करते हुए कुल 200 घंटे अध्ययन कराई गई है।

आगामी रविवार को होने वाले परीक्षा महा अभियान हेतु विकास खंड पंडरिया में कुल 20 ग्रामों के 443 असाक्षरों को इस परीक्षा में शामिल कराकर इन्हें साक्षर करते हुए विकासखंड को पूर्ण साक्षर किए जाने का दृढ़ निश्चय किया गया है। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतू दिनांक 23 सितम्बर 2026 को बीईओ सर दीपक सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशन में कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडरिया में परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र का वितरण कार्यक्रम के बीपीओ शत्रुघ्न डडसेना सर, सहायक ग्रेड 3 प्रशांत अहिरवार एवं ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के प्रधान पाठक व ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर द्वारा विभिन्न पंचायतों के केंद्राध्यक्षो को किया गया जिसमें अतरिया खुर्द, टाटाकासा तथा माठपुर के ग्राम प्रभारी शामिल थे।

सेवा संकल्प अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय झलमला जंगल जिला कबीरधाम (छ.ग.) में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए 23 सितंबर को रंगोली प्रतियोगिता हुई।

जिसमें उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाना रहा, एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए समसामयिक विषय तय किये गये। इनमें राष्ट्रीय प्रतीक एवं राष्ट्रीय गौरव शामिल रहा। युवा शक्ति शिक्षा और कौशल रखा गया। एवं महिला शक्ति और आत्मनिर्भरता शामिल रही। और विज्ञान तकनीक और नवाचार रखा गया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली के जरिए इन विषयों को रचनात्मक रूप में पेश किया। एवं 24 सितंबर को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र सेवा ही जन सेवा के उद्देश्य से सभी छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए गांव में विकास का संदेश दिया। इसका आयोजन बाजार चौक में किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन में व इस कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्राध्यापक शिव प्रसाद जांगड़े व अतिथि व्याख्याता सहसंयोजक लेखराज मिश्रा के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता छाया भालेकर, प्रीति टंडन, शिवांगी पाठक, रमाकांत सोनी, रवि गुप्ता, अजीत कांत एवं सभी विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए। एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वच्छता व नशामुक्ति अभियान को लेकर युवाओं ने उठाया बीड़ा

नशामुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी के युवा एकता एवं जन सेवा समिति के द्वारा गांव को स्वच्छ, सुंदर और नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से युवा एकता एवं जनसेवा समिति बसनी द्वारा लगातार जनहित में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं।

समिति के युवाओं द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों, स्कूल परिसर, सड़क किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की जा रही है। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा इधर-उधर न फेंकने, अपने घर एवं आसपास के स्थानों को साफ रखने तथा गांव को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। युवाओं ने कहा कि स्वच्छ गांव स्वस्थ समाज की पहचान है और इसमें प्रत्येक ग्रामीण की सहभागिता आवश्यक है।

नशामुक्त गांव बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है

इसी के साथ समिति द्वारा नशामुक्त गांव बनाने के उद्देश्य से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। युवाओं द्वारा ग्रामीणों, विशेषकर युवा वर्ग को नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। समिति का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें शिक्षा, खेलकूद, सामाजिक सेवा एवं रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। युवा एकता एवं जनसेवा समिति बसनी ने ग्रामीणों से अपील की है कि गांव को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने के इस अभियान में सभी लोग मिलकर सहयोग करें। समिति ने कहा कि जब युवा जागरूक होंगे, तभी गांव मजबूत और समाज स्वस्थ बनेगा। समिति के इस अभियान की ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है और लोगों ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की बात कही।

खबर संक्षेप

वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कार्यक्रम आज

मोहगांव। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर रैतापारा में 25 सितंबर, शुक्रवार को सामूहिक गायन का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे नवधा पंडाल में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत रैतापारा के सरपंच शेषनारायण चंद्रवंशी उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पांडातराई के प्रबंधक डोमन चंद्रवंशी करेंगे। मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख परस चंद्राकर रहेंगे। कार्यक्रम में सत्यापनकर्ता परमेश्वर चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा पांडातराई मंडल, साक्षी विश्राम सिंह ध्रुव, पूर्व सरपंच ग्राम रैतापारा की विशेष उपस्थिति रहेगी। संयोजक केशव प्रसाद चंद्रवंशी और सह संयोजक राजेश चंद्रवंशी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का दायित्व संभालेंगे। प्रधानाचार्य रिखीराम चंद्रवंशी ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों की दी गई जानकारी

कवर्धा। जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरोदा जलाशय में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों की जानकारी दी गई तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है।

भूमिपूजन: उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने रखी कवर्धा के नए स्वरूप की नींव

कवर्धा नगर में 54 करोड़ से बनने वाले 4 लेन सड़क व भव्य प्रवेश द्वार का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शहर में प्रवेश करते ही अब कवर्धा का बदला हुआ स्वरूप नजर आएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चंद्रायान हॉस्पिटल से जोराताल के आगे तक 54 करोड़ रुपए की लागत से 7.8 किलोमीटर सड़क को 4 लेन में विकसित किया जाएगा।

सड़क के साथ डिवाइडर का निर्माण होगा तथा रायपुर और बिलासपुर की ओर दोनों प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। प्रवेश द्वारों के डिजाइन में धर्मनगरी कवर्धा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को प्रमुखता दी जाएगी। नया मंडी परिसर, कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

परियोजना के पूरा होने के बाद शहर में यातायात व्यवस्था को सुविधा मिलने के साथ प्रवेश मार्गों का स्वरूप भी बदलेगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष आग्रह पर कवर्धा नगर पालिका सहित जिले के अन्य नगरीय निकायों के लिए विकास कार्यों की घोषणा की। कवर्धा नगर पालिका में सामुदायिक भवन निर्माण और मटन मार्केट के लिए 3.50 करोड़ रुपए, नगर पंचायत बोड़ला में बाजार विस्थापन के लिए 1.50 करोड़ रुपए, सहसपुर लोहारा के बाधांटोला में गौरव पथ निर्माण के लिए 1.50 करोड़ रुपए और नगर पंचायत पिपरिया के खेल मैदान के लिए 1.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की घोषणा की गई। इसके अलावा विभिन्न सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी घोषणा हुई।

ढाई साल में पीडब्ल्यूडी में 12,666 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले ढाई वर्षों में लोक निर्माण विभाग में 12,666 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। अनेक कार्य शुरू हो चुके हैं और कई कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास संसाधनों की कमी नहीं है। जनता का पैसा जनता के विकास पर खर्च किया जा रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक विकास कार्यों की गति बढ़ी है।

संकल्पों को पूरा करने का किया काम : मंत्री साव

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने संकल्पों को पूरा करने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, दो वर्ष के पुराने बोनस का भुगतान, महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता पारिश्रमिक में वृद्धि और पीएससी मामले की सीबीआई जांच जैसे महत्वपूर्ण संकल्पों को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माथे पर नक्सलवाद का जो कलंक था, उसे मिटाने की दिशा में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रवेश द्वार बनेंगे कवर्धा की नई पहचान : सांसद

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि कवर्धा में बनने वाले दोनों भव्य प्रवेश द्वार केवल शहर की पहचान नहीं, बल्कि विकास के द्वार होंगे। 54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 4 लेन सड़क के साथ इन प्रवेश द्वारों से कवर्धा का स्वरूप बदलेगा और आवागमन को नई सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से क्षेत्र में सड़क, रेलवे और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन सहित विभिन्न परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। खैरागढ़ से कवर्धा और राजनांदगांव क्षेत्र में सड़क परियोजनाओं से भी आवागमन बेहतर होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, भगत पटेल, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, डॉ. वीरेंद्र साहू, सुमित्रा विजय पटेल, पूर्णिमा मनिराम साहू, गंगाबाई लोकचंद साहू, रूपसिंह, जनपद अध्यक्ष सुषमा गणपत बघेल, नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, विक्की अग्रवाल, गोपाल साहू, उमंग पाण्डेय, जयराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, डीएफओ निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सहित प्रशासनिक अधिकारी और हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

कवर्धा में करीब 140 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत : विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा में लगभग 140 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें सड़क, शिक्षा, शहर विकास तथा धार्मिक-पर्यटन स्थलों से जुड़े कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कवर्धा शहर में 54 करोड़ रुपए की लागत से 4 लेन सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। रायपुर और बिलासपुर मार्ग की ओर लगभग 3-3 किलोमीटर सड़क का विकास किया जाएगा।

4.5 करोड़ से बन रहा नालंदा परिसर

विजय शर्मा ने बताया कि कवर्धा में 4.5 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर बनाया जा रहा है। यहां 24 घंटे पुस्तकालय और डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध होगी। नए बस स्टैंड को शुरू करने के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से घोटिया रोड का निर्माण किया गया है। भोरमदेव परिसर के विकास के लिए 1.46 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा तालाब परिसर, उद्यान, मेला स्थल, छेरकी महल, रामचुआ और सरोधा क्षेत्र में भी विकास कार्य किए जा रहे हैं।

तलवार लहराकर लोगों को धमकाया, युवक गिरफ्तार

झंडा चौक में गाली-गलौज कर लोगों को मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शहर के झंडा चौक में सार्वजनिक स्थान पर लोहे की तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी हाथ में तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों से गाली-गलौज करते हुए उन्हें मारने की धमकी दे रहा था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और उसके कब्जे से धारदार तलवार बरामद कर जब्त की है। मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल कबीरधाम भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर 2026 को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झंडा चौक में एक युवक हाथ में लोहे की तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई।

झंडा चौक पहुंचने पर पुलिस ने एक युवक को हाथ में लोहे की तलवार लहराते हुए लोगों को भयभीत करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनिस खान पिता शुभराती खान, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02 रामनगर, कवर्धा बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से लोहे की धारदार तलवार बरामद की। तलवार को विधिवत जब्त कर सीलबंद किया गया।

आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस के अनुसार तलवार रखने के संबंध में आरोपी को धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी कर अनुज्ञा पत्र यानी लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन आरोपी ने तलवार रखने के संबंध में किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं होना बताया। इसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 411/2026 दर्ज किया। मामले में धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी अनिस खान को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश के बाद आरोपी को जिला जेल कबीरधाम भेज दिया गया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिन्हा के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में आरक्षक धमेन्द्र मेरावी एवं आरक्षक संतोष बांधेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर लोगों में भय उत्पन्न करने, धमकी देने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

दशरंगपुर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण की मासिक बैठक ग्राम दशरंगपुर बाजार चौक में ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने तथा जनसमस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र में स्मार्ट मीटर, बढ़ी हुई बिजली दर और अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

कांग्रेस नेताओं ने आम उपभोक्ताओं एवं किसानों की परेशानियों का हवाला देते हुए इन समस्याओं के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। स्मार्ट मीटर और बिजली दरों को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदेश स्तर पर भी जारी है। वहीं विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पास बिजली बिल बढ़ने की शिकायतें लगातार आ रही हैं।

उन्होंने सरकार से बिजली दरों में कमी करने और स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस जनता के साथ आंदोलन करेगी। बैठक में नगर पंचायत इंदौरी में करीब दो करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम सहित विभिन्न विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया गया।

मामलों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए आगामी दिनों में नगर पंचायत इंदौरी का घेराव करने की रणनीति पर विचार किया। ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा सहित प्रत्येक वर्ग की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे। बैठक में बूथ समितियों को सक्रिय करने और जनहित के मुद्दों को लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक का संचालन पीलाराम कौशिक ने किया। इस दौरान गोपाल चंद्रवंशी, महेश केशरी, राजू खान, भीषम पाण्डेय, भोलाराम चंद्रवंशी, बृजेश चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, शैलेन्द्र केशरी, तुकेश्वर साहू, मनोज चंद्रवंशी, जितेन्द्र मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

चिल्फीघाटी एवं भोरमदेव में 5 दिवसीय कौशल एवं मृदु कौशल प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन एवं भोरमदेव अभ्यारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को आजीविका के नवीन अवसरों से जोड़ने तथा स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा वनमंडल अंतर्गत ग्राम चिल्फी एवं भोरमदेव में 5 दिवसीय अल्पकालिक व्यवसायिक एवं मृदु कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पं. सुंदरलाल शर्मा एजुकेशन एकेडमी, संयुक्त वन प्रबंधन समिति एवं भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा वनमंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण में 'इलेक्ट्रिशियन, प्लंबिंग एवं ब्यूटीशियन कार्य' का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय 63 युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण के समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में भोरमदेव की सरपंच, भोरमदेव अभ्यारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू, चिल्फी वन परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी लाल सिंह मरकाम सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आयोजन समिति के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बोड़ला

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय झलमला जंगल में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जिसमें उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाना रहा ,एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित किया गया। वहीं 24 सितंबर को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र सेवा ही जन सेवा के उद्देश्य से सभी छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए गांव में विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम संस्था के प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

लिव-इन पार्टनर पर शादी का दबाव व प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

लिव-इन पार्टनर को शादी के लिए दबाव डालने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार जांच में प्रथम दृष्टया महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला पाए जाने पर अपराध क्रमांक 413/2026, धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी अमीना ताज, पिता स्व. अशरफ ताज, उम्र 36 वर्ष, निवासी तिवारी आटा चक्की गली, मजगांव रोड, ग्राम सैगोना को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 जुलाई 2026 को सूचनाकर्ता सुमुख दुबे ने पुलिस को सूचना दी थी कि अमीना ताज ने मोबाइल फोन के माध्यम से उसके भाई आलोक दुबे द्वारा फांसी लगाने की जानकारी दी है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराया। मामले में मर्ग क्रमांक 75/2026, धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की गई। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, वैज्ञानिक अधिकारी की रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा मृतक के परिजनों एवं गवाहों के कथनों की जांच की गई। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप तथा आरोपी अमीना ताज के तीन मोबाइल फोन जब्त किए।

चार साल से लिव-इन में रहने की बात सामने आई

पुलिस जांच के अनुसार आलोक दुबे करीब चार वर्षों से अमीना ताज के साथ लिव-इन रिलेशन में रह रहा था। जांच में पुलिस को यह तथ्य सामने आया कि आरोपी द्वारा आलोक पर मुस्लिम धर्म स्वीकार कर मुस्लिम रीति-रिवाज से विवाह करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक विवाह नहीं करने पर बलात्कार के मामले में फंसा देने की धमकी देकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पुलिस जांच के अनुसार इसी दबाव और कथित प्रताड़ना से परेशान होकर आलोक दुबे ने 29 जुलाई को दोपहर करीब 12 से 12.30 बजे के बीच आरोपी के किराये के मकान के बैठक कमरे में वेंटिलेशन से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सजेगी सुरों की महफिल, पंजीयन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शहर के संगीत प्रेमियों के लिए गोल्डन वॉयस इवेंट्स द्वारा शहर के सबसे बड़े कराओके उत्सव स्वर संगम (सीजन-1) सुरों का जुनून, आवाज का जादू का भव्य आयोजन 25 अक्टूबर को किया जा रहा है।

आयोजन समिति की संस्थापिका रश्मि केशरवानी, आयोजक वीनू चावला, संचालक रमेश रावत, आयोजक सदस्य बलवीर सिंह और सुरेश झारिया ने बताया कि यह कोई प्रतियोगिता नहीं है। इसका उद्देश्य जिले के प्रतिभावान गायकों, चाहे वे युवा हों या वरिष्ठ, उन्हें एक सम्मानजनक और प्रोफेशनल मंच देना है। हर प्रतिभागी को मंच पर समान रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को वीर सावरकर भवन, कवर्धा में सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। मंच प्रोफेशनल साउंड, एल ई डी लाइट्स एवं वॉल बैकग्राउंड के साथ कॉन्सर्ट स्टाइल में आकर्षक होगा। संचालक रमेश रावत ने बताया कि पंजीयन 25 सितंबर से 05 अक्टूबर तक होगा। इसमें प्रस्तुति हेतु प्रथम क्रम में पंजीकृत प्रतिभागियों की एक निश्चित संख्या ही ली जाएगी। प्रतिभागी अधिक होने पर पंजीयन समय से पहले ही बंद कर दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को दो गीत गाने का मौका मिलेगा - एक सोलो और दूसरा डुएट या सोलो। हर गीत के लिए 5 मिनट का समय मिलेगा। गायन केवल कराओके ट्रैक पर होगा, ताकि सभी को समान गुणवत्ता मिले।

हिंदी गीत, भजन, गजल के साथ छत्तीसगढ़ी गीत मान्य होंगे। जबकि फूहड़ और अश्लील गीतों पर पूरी तरह रोक रहेगी। मंच पर शालीन वेशभूषा और अनुशासन जरूरी होगा। प्रतिभागियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व उपस्थित होना होगा। सभी प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था आयोजक समिति द्वारा की जाएगी।